'First Wednesday'

# उत्तर प्रदेश विधान सभा

## Third Session -2026

## 5th, August 2026

----

**कुल प्रश्न** - 19

----

18/15/6 *1 **Shri Samarpal Singh (Naugawan Sadat):**

0 **Energy, Additional Sources of Energy** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के गाँव व शहरों में नई बसावट क्षेत्रों में विद्युत कनेक्शन एवं विद्युतीकरण हेतु आवेदकों को कई गुना अधिक धनराशि का स्टीमेट जारी किया जा रहा है? यदि हां, तो उक्त के क्या कारण हैं ? क्या सरकार नई बसावट क्षेत्रों में निःशुल्क अथवा सब्सिडी देकर विद्युत कनेक्शन एवं विद्युतीकरण करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/18 *2 **श्री स्वामी ओउ्मवेश (चाँदपुर):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में राज्य राजमार्गों को जहां पर रेलवे की लाईन क्रास कर रही है, रेल आवागमन के दौरान ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है? क्या सरकार उक्त राज्य राजमार्गों को क्रास करने वाली रेलवे लाईनों के ऊपर ब्रिज /पुल बनाये जाने की योजना पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/26 *3 **इंजी0 बृजेश कठेरिया (किशनी):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में 'संयुक्त भूमिगत मार्ग' (कॉमन डक्ट) की व्यवस्था न होने के कारण संचार

केबल और सीवर लाइन बिछाने हेतु नवनिर्मित सड़कों को बार-बार तोड़ा जा रहा है, जिसके फलस्वरूप सड़क की नींव स्थायी रूप से कमजोर हो जाती है? यदि हां, तो क्या सरकार बताएगी कि सड़क खुदाई की अनुमति देने से प्राप्त होने वाले 'पुनर्निर्माण शुल्क' और सड़क की 'आयु' घटने से प्रदेश को होने वाली 'वास्तविक आर्थिक क्षति' के बीच वर्तमान में कितना अंतर है? क्या सरकार 'पीएम गति शक्ति' योजना के अनुपालन में, प्रदेश के प्रमुख शहरों में बार-बार सड़क न खोदने के सिद्धांत को सख्ती से लागू करते हुए, भविष्य में बिना भूमिगत डक्ट के सड़क निर्माण पर रोक लगाने हेतु कोई ठोस नीति बनाएगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/28 *4 **श्री पंकज मलिक (चरथावल):**

**वन एवं पर्यावरण** क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बढ़ते प्रदूषण के क्या कारण है एवं बढ़ते (वायु, जल तथा ध्वनि) प्रदूषण की रोकथाम हेतु सरकार ने कोई कार्य योजना बनाई है? यदि हां, तो उक्त योजना का विवरण क्या है? क्या सरकार प्रदेश में प्रदूषण फैलाने वालों के विरुद्ध कोई दण्डात्मक कार्रवाही करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/38 *5 **इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई (जसराना):**

**वित्त एवं संसदीय कार्य** क्या वित्त मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के सरकारी कार्मिकों हेतु पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल करने पर सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/54 *7 **डॉ0 हृदय नारायण सिंह पटेल (सगड़ी):**

**गन्ना विकास एवं चीनी मिलें** क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में गन्ना किसानों को गन्ने की फसल को लाभकारी बनाने के उद्देश्य से रोग रहित एवं उन्नत बीज विकसित करने हेतु कितनी प्रयोगशालाएं हैं, तथा उक्त में कितनी क्रियाशील हैं? क्या सरकार के पास किसानों को गन्ना उत्पादन हेतु निशुल्क बीज उपलब्ध कराने की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/61 *8 **डॉ0 राकेश कुमार वर्मा उर्फ डा० आर० के० वर्मा (रानीगंज):**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के नगर निकायों में जल निकासी व सीवर लाइनों के नवीनीकरण व वॉटर टैक्स से संबंधित कोई नीति बनाई गई है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का विवरण

सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/64 *9 **श्री पंकज पटेल (मुंगरा बादशाहपुर):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़कों का मानक क्या है? क्या सरकार के संज्ञान में है कि सड़कों को मानक के अनुरूप न बनने के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त होने की जानकारी सरकार के संज्ञान में है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त हेतु कोई कार्य योजना बनाएगी? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/72 *10 **डॉ0 संग्राम यादव (अतरौलिया):**

**वन एवं पर्यावरण** क्या वन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विगत तीन वर्षों के दौरान वृक्षारोपण कार्यक्रमों के अंतर्गत कुल कितने पौधे लगाए गए हैं तथा वर्तमान में कितने पौधे जीवित हैं एवं कितने पौधों का क्षरण/नष्ट होना दर्ज किया गया है? क्या सरकार द्वारा लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं उनके जीवित रहने की दर बढ़ाने के लिए कोई विशेष योजना संचालित है? यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/78 *11 **श्री अनिल प्रधान (चित्रकूट):**

**ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में ओवरलोडेड विद्युत ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि करने की सरकार की कोई योजना संचालित है? यदि हां, तो उक्त का विवरण क्या है? क्या सरकार यह भी बताएगी कि विद्युत उपभोक्ताओं को त्रुटिपूर्ण बिलिंग होने से उनका शोषण हो रहा है? क्या सरकार ने उक्त के समाधान हेतु कोई योजना बनाई है? यदि हां, तो उक्त का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/80 *12 **श्री आशु मलिक (सहारनपुर):**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के नगर क्षेत्रों में अनुसूचित जाति बाहुल बस्तियों में सड़क, नाली, पेयजल, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य आधारभूत शहरी सुविधाओं के विकास हेतु सरकार द्वारा क्या कोई विशेष नीति अथवा योजना संचालित की जा रही है? यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है तथा इन बस्तियों के समग्र विकास एवं जीवन स्तर में सुधार के लिए सरकार द्वारा क्या अतिरिक्त कदम उठाए जा रहे हैं? यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

----

18/15/85 *13 **डॉ0 पल्लवी पटेल (सिराथू):**

**आवास एवं शहरी नियोजन** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के विभिन्न शहरों में भूमि/आवास हेतु विकास प्राधिकरणों तथा आवास विकास की योजनाओं में प्रदेश के सचिवालयों में कार्यरत कर्मचारियों/अधिकारियों को वरीयता दी जा रही है? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त योजनाओं में सचिवालय कर्मियों को वरीयता देने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/100 *14 **श्रीमती नसीम सोलंकी (सीसामऊ):**

**वन एवं पर्यावरण** क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि पेट्रोल पंपों से उठने वाले कैंसर कॉजिंग फ्यूम्स जैसे वायु प्रदूषण से निपटने के लिए कारगर मैकेनिज्म सिस्टम लागू किए जाने की कोई योजना सरकार की ओर से प्रचलित अथवा विचाराधीन है? यदि हां, तो मानव जीवन के लिए सबसे बड़े इस प्रदूषण के खतरे से निपटने हेतु सरकार ने किन- किन योजनाओं में कितना बजट स्वीकृत किया है? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/106 *15 **श्री अतुल प्रधान (सरधना):**

**वन एवं पर्यावरण** क्‍या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2022 से दिनांक 28.02.2026 तक विभिन्‍न औद्योगिक इकाईयों द्वारा वायु प्रदूषण किये जाने की घटनायें सरकार के संज्ञान में आयी हैं तथा कितनी ऐसी प्रदूषणकारी औद्योगिक इकाईयों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी है? क्‍या सरकार बढ़ते हुये वायु प्रदूषण पर प्रभावी रोक लगाने के लिये कोई कार्य योजना बनायेगी? यदि नहीं,तो क्‍यों?

----

18/15/108 *16 **श्री अखिलेश (मुबारकपुर):**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के नगर पालिका परिषदों को विस्तारित कराने की कोई योजना बनाई है? यदि हां, तो क्या? क्या सरकार जनपद वार नगर पालिकाओं का विस्तार करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/111 *17 **श्री महेंद्र नाथ यादव (बस्ती सदर):**

**ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में ऊर्जा विभाग में संविदा/आउटसोर्स/डेलीबेसिस पर कितने कर्मचारी कार्य कर रहे हैं तथा लाइनमैन या अन्य विद्युत कर्मियों की करंट लगने से हुयी मौत में उनके आश्रितों को कितना मुआवजे दिये जाने का प्राविधान है? क्या सरकार उक्त विद्युत कर्मियों का स्थायी बीमा कराने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो

क्यों ?

----

18/15/132 *18 **श्री अरमान खान (लखनऊ पश्चिम):**

**आवास एवं शहरी नियोजन** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में स्थापित रियल स्टेट रेगुलेटरी आथारिटी में वर्तमान में कितनी कम्पनियों ने कुल कितने प्रोजेक्ट्स/ परियोजनाएं पंजीकृत करवाया हुआ है? क्या सरकार बताएगी कि रेरा में पंजीकृत कम्पनियों द्वारा नियमों का उलंघन करने पर कितनी कम्पनियां डिफालटर की श्रेणी में घोषित है तथा इन डिफालटर कम्पनियों के ऊपर क्या जुर्माना लगाया गया है? क्या सरकार पंजीकृत व अपंजीकृत कम्पनियों द्वारा नियम विरुद्ध कर्मियों पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं,तो क्यों?

----

18/15/139 *19 **श्रीमती पिंकी सिंह (असमोली):**

**राज्य कर एवं निबन्धन** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में कृषि में उपयोग होने वाले कृषि उपकरणों के/विक्रय पर कितना प्रतिशत जी.एस.टी.निर्धारित है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? क्या सरकार यह भी बताएगी कि किसानों के कृषि में उपयोग होने वाले कृषि उपकरणों,खाद उर्वरक एवं कीटनाशक दवाओं पर जी.एस.टी समाप्त करने पर विचार करेंगी ? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/149 *20 **श्री मनोज कुमार पारस (नगीना):**

**ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के गाँव व शहरों में घरों के ऊपर से जा रही बिजली की लाइनों को हटाने हेतु कोई योजना बनाई है? यदि हां, तो उक्त का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

----